धुम्माडोल मुख्य मार्ग पर मौत का गड्ढा, हादसे को न्योता

एमपीआरडीसी के विभागीय लापरवाही उजागर, महीनों से नहीं हुई मरम्मत, रोड टैक्स वसूली जारी, लेकिन सड़क सुधार पर जिम्मेदार खामोश

नवभारत न्यूज

सिंगरौली,1 मई। सरई तहसील अंतर्गत धुम्माडोल पुल के पास सरई-बैढ़न मुख्य मार्ग इन दिनों एक बड़े हादसे को न्योता देता नजर आ रहा है। सड़क के बीचों-बीच बना गहरा और चौड़ा गड्ढा आम लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक आंखें मूंदे बैठा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह गड्ढा पिछले कई महीनों से बना हुआ है और समय के साथ और गहरा व खतरनाक होता जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इसी मार्ग से आये दिन प्रशासन और एमपीआरडीसी के अधिकारी भी गुजरते हैं, बावजूद इसके अब तक मरम्मत की कोई ठोस पहल नहीं की गई। इससे विभाग की घोर लापरवाही और उदासीनता साफ झलकती है। यह मार्ग जिले का प्रमुख रास्ता है, जहां

से प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। खासतौर पर भारी मालवाहक वाहन, हाईवा, बसें, ट्रक और बाइक सवार लगातार इस मार्ग का उपयोग करते हैं। गड्ढे के कारण कई बार वाहन असंतुलित हो जाते हैं, जिससे हादसे का खतरा हर समय बना रहता है। रात के समय स्थिति और भी भयावह हो जाती है। सड़क पर पर्याप्त रोशनी नहीं होने के कारण यह गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटनाओं की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। स्थानीय ग्रामीणों में इसको लेकर आक्रोश है और वे लगातार प्रशासन से सुधार की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि एक ओर सरकार और विभाग द्वारा वाहनों से नियमों के तहत रोड टैक्स और वसूली की जाती है, लेकिन सड़क की स्थिति सुधारने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। आरोप लगाया जा रहा है कि एमपीआरडीसी का अमला माल वाहक वाहनों से टैक्स वसूली में रियायत नही दे रहा है तो, फिर सड़क का मरम्मत कार्य कराने में टालमटोल क्यों कर रहा है। वाहन चालको के साथ-साथ आम नागरिको ने भी एमपीआरडीसी के उदासीन अधिकारियों ने तरह-तरह के सवाल उठाते हुये इस ओर क्षेत्रीय विधायक देवसर एवं कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।

हड़हवा तिराहा से नदनी तिराहा तक सड़क जर्जर

चितरंगी विकास खण्ड के धरौली ग्राम पंचायत के समीप हड़हवा तिराहा से नदनी तिराहा तक सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। जिसमें दो चक्का वाहन लेकर चलना भी मुश्किल है। आलम यह है कि इस सड़क का मरम्मत कार्य शायद दशको से नही हुआ है। करीब दो किलोमीटर लम्बी सड़क का मरम्मत कार्य कौन कराएगा, इसका आज तक पता नही चल पाया है। सड़क मरम्मत कार्य न कराए जाने से वाहन चालक प्रशासन को कोसते रहते हैं, इसके बावजूद आज तक सड़क का मरम्मत कार्य नही कराया गया है। इसका मुख्य कारण यही माना जा रहा है कि क्रियान्वयन एजेंसी ही तय नही हो पाई है। यह सड़क पगडंडी रास्ता से भी बदतर हो चुकी है।

खनुआ चौराहा सड़क मार्ग का यही हालत

सरई के खनुआ चौराहा की सड़क को देखकर यह कोई नही कह सकता है कि यह सड़क है। आलम यह है कि कस्बे की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है और सड़क में बरसात की तरह इस मौसम में भी गड्ढों में इस तरह पानी भरा है कि हर कोई इस मार्ग से गुजरने वाले कोल कंपनी एवं जिला प्रशासन को कोसने में कोई कोर कसर नही छोड़ते। वहीं यहां के व्यापारी भी जर्जर सड़क से त्रस्त हो गये हैं। उनके व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। कई बार शिकायते भी हुई, इसके बावजूद अधिकारी-कर्मचारी एवं कोल कंपनी भी ध्यान नही दे रही है। यहां के रहवासियों ने कहा कि समस्या का निदान नही हो पा रहा है।

चार केन्द्रों में 1223 परीक्षार्थी देंगे कल नीट की परीक्षा

कलेक्टर एवं एसपी ने किया नीट परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सिंगरौली,1 मई। नीट परीक्षा रविवार को दोपहर 2 बजे से चार परीक्षा केन्द्रों में आयोजित की जाएगी। जहां 1223 प्रतियोगी छात्र परीक्षा में हिस्सा लेंगे।

कलेक्टर व एसपी ने परीक्षा केन्द्रों का आज शुक्रवार को निरीक्षण किया। यह परीक्षा केन्द्र शाउमा विद्यालय जयंत, विंध्यनगर एवं केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित होगी। आगामी 3 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट को लेकर आज शुक्रवार को कलेक्टर गौरव बैनल एवं एसपी मनीष खत्री ने जिले में स्थापित परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्र प्रभारियों को विस्तृत निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए परीक्षार्थियों की सहूलियत में कोई कमी नहीं आनी चाहिए।

एक नजर में

सजहर घाटी में बड़ा हादसा टला, बाल-बाल बचा चालक

सिंगरौली। राष्ट्रीय राजमार्ग-39 स्थित सजहर घाटी में आज शुक्रवार को एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार एक बल्कर वाहन क्रमांक एमपी 17 एच एच 9573 अचानक अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे जा पहुंचा। घटना में चालक बाल-बाल बच गया, जिससे एक बड़ी जनहानि टल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा घाटी क्षेत्र में हुआ, जहां तीव्र मोड़ और ढलान के कारण अक्सर वाहन चालक नियंत्रण खो बैठते हैं। हालांकि इस घटना में चालक को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन वाहन को नुकसान पहुंचा है। हादसे के बाद कुछ समय के लिए मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया।

दोनों आंख से दिव्यांग ने लगाया मारपीट का आरोप

सिंगरौली। जियावन थाना क्षेत्र के समीपी ग्राम खैराबड़ा निवासी एक दोनो ऑख से दिव्यांग युवक ने गांव के ही एक युवक पर मारपीट का आरोप लगाते हुये थाना में लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खैराबड़ा निवासी मंसूर आलम पिता नबी हसन ने आरोप लगाया कि बीते दिन गुरूवार की रात करीब 10 बजे अपने घर के समीप हर्राविर्ती छांदा में बेवजह अब्दुल कादिल उर्फ बिलाल पिता अब्दुल रहिमन बेवजह मेरे साथ मारपीट किया और युवक ने मुँह पर मारा है, जिससे चोटे आने के कारण खाना खाने-पीने में भी दिक्कतें हो रही हैं।

श्रमिक कल्याण व जागरुकता के प्रति एनटीपीसी की सशक्त प्रतिबद्धता

मई दिवस पर विविध जनोपयोगी पहलों का सफल आयोजन

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 1 मई। एनटीपीसी सिंगरौली में मई दिवस के पावन अवसर पर श्रमिक कल्याण, स्वास्थ्य संरक्षण तथा विधिक जागरूकता को समर्पित विविध कार्यक्रमों का सुव्यवस्थित आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों ने संगठन की श्रमिक-हितैषी नीतियों एवं समावेशी विकास दृष्टिकोण को पुनः सुदृढ़ रूप से अभिव्यक्त किया।

बीते दिन गुरूवार को सिंगरौली स्टेज-3 परियोजना के संविदा श्रमिकों के लिए एक नवीन श्रम शेड का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक संदीप नायक तथा महाप्रबंधक रश्मिरंजन मोहंती की उपस्थिति रही। इस श्रम शेड में विश्राम कक्ष, स्वच्छ शौचालय एवं शुद्ध पेयजल जैसी आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे श्रमिकों को कार्यस्थल पर एक सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण प्राप्त हो सके। साथ ही संविदा श्रमिकों के मध्य टी-शर्ट एवं अल्पाहार का वितरण भी किया गया, जिससे उनके मनोबल को सुदृढ़ किया जा सके। इसी क्रम में श्रमिकों के स्वास्थ्य संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा संजीवनी अस्पताल के सहयोग से स्टेज-3 निर्माण क्षेत्र में एक व्यापक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में श्रमिकों का समग्र स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें निवारक स्वास्थ्य संबंधी परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारियों सहित चिकित्सकीय विशेषज्ञों की सक्रिय भागीदारी रही।

सटीक आंकड़े ही योजनाओं की सफलता का आधार होते हैं : रामनिवास

नगरीय क्षेत्र में जनगणना का विधायक ने जोन 3 में किया आगाज, मेयर समेत बीजेपी जिलाध्यक्ष रहे मौजूद

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 मई। जनगणना के तहत नगरीय क्षेत्र के जोन क्रमांक 3 में प्रथम चरण मकान गणना का शुभारंभ वातावरण में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, महापौर रानी अग्रवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष सुन्दर लाल शाह, पूर्व महापौर रेनू शाह, नगर जनगणना अधिकारी ज्योति सिंह, एचएम श्रीवास्तव, नरेश शाह सहित वार्ड पार्षद संतोश शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान

प्रगणकों द्वारा किए जा रहे मकान गणना कार्य की विस्तृत जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गई। प्रगणकों ने घर-घर जाकर आंकड़ों के संकलन की प्रक्रिया तथा जनगणना के महत्व को विस्तार से बताया। इस अवसर पर विधायक रामनिवास शाह ने जनगणना को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि सटीक आंकड़े ही योजनाओं की सफलता का आधार होते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे प्रगणकों को सही एवं पूर्ण जानकारी देकर इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय सहयोग करें।

कलेक्टर की देखरेख में जनगणना शुरू

कलेक्टर एवं जिला प्रमुख जनगणना अधिकारी गौरव बैनल के नेतृत्व में आज शुक्रवार से ऊर्जाधानी सिंगरौली में जनगणना 2027 के महाअभियान का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। देश के भविष्य की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से शुरू किए गए इस अभियान के पहले चरण में आज 1 से 30 मई तक जिले के समस्त नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मकानों की नंबरिंग और सूचीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जाएगा। कलेक्टर बैनल के निर्देशन में आज सुबह से ही जिले के निर्धारित क्षेत्रों में प्रशिक्षित प्रगणक घर-घर पहुंचे और पूरी पारदर्शिता के साथ डिजिटल माध्यम से मकानों पर मार्किंग एवं परिवारों की प्रारंभिक जानकारी एकत्रित करने का कार्य प्रारंभ किया। अभियान की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्रीय चार्ज अधिकारियों ने फील्ड में उतरकर प्रगणकों के कार्यों का सघन निरीक्षण किया।

विंध्याचल के कर्मचारी को सेवानिवृत होने पर दी भावभीनी विदाई

नवभारत न्यूज

विंध्यनगर 1 मई। एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना में बीते दिन गुरूवार को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात 1 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी दिलीप कुमार फेगड़े, अभियंता एसएलपीएस प्रचालन शामिल हैं।

सर्वप्रथम सेवानिवृत होने वाले कर्मचारी द्वारा प्रशासनिक भवन के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता को दोहराते हुये वृक्षारोपण किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा एवं महाप्रबंधक एजे राजकुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने

वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया। साथ ही परियोजना की एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने भी पुष्पमाला पहनाकर अतिथि कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख संजीब कुमार साहा ने सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि एनटीपीसी विंध्याचल को वर्तमान ऊंचाइयों तक पहुंचाने में आपके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा और एनटीपीसी विंध्याचल सदा ही आपकी सेवा के लिए आपका कृतज्ञ रहेगा।

दिशिता महिला मंडल का अभिनन्दन समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

अनपरा 1 मई। दिशिता महिला मंडल रेनुसागर द्वारा वर्ष भर सामाजिक उत्थान की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वालंटियर्स के सम्मान में एक अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम दिशिता महिला मंडल रेनुसागर के कार्यालय परिसर स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन दिशिता महिला मंडल रेनुसागर की सचिव तूलिका श्रीवास्तव ने किया।

खनिक अभिनंदन दिवस पर एनसीएल परिवार ने किया श्रमवीरों को नमन

एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में पदस्थ उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत कर किया गया सम्मानित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 मई। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल में खनिक अभिनंदन दिवस का शुभारंभ मुख्यालय सहित एनसीएल की सभी क्षेत्रों और इकाइयों में श्रमवीरों को कृतज्ञता के साथ नमन करते हुए हुआ।

एनसीएल मुख्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कोयला एवं खान मंत्री, भारत सरकार जी किशन रेड्डी का कोल इंडिया परिवार को संबोधित संदेश का वाचन महाप्रबंधक राजेश त्रिवेदी ने किया। साथ ही

इस अवसर पर सीएमडी एनसीएल बी साईराम के संदेश का वाचन भी किया गया। मुख्यालय स्तरीय आयोजित इस कार्यक्रम में निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार, निदेशक रजनीश नारायण, निदेशक तकनीकी आशुतोष द्विवेदी, मुख्य सतर्कता अधिकारी, अजय कुमार जायसवाल श्रमिक संघों के जेसीसी सदस्य सीएमएस से अजय कुमारए बीएमएस से अशोक कुमार मिश्रा, आरसीएसएस से राम प्रताप सिंह, एचएमएस से अशोक कुमार पाण्डेय, सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह, महाप्रबंधक एवं अन्य कर्मियों ने शहीद स्मारक एवं खनिक प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर देश की ऊर्जा आपूर्ति के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले ऊर्जा वीरों को नमन किया। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में पदस्थ उत्कृष्ट कर्मियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में शिक्षाविदों की गोष्ठी आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 मई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत आज शुक्रवार को पीएम एक्सीलेंस कॉलेज में शिक्षा श्रेणी की एक प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत संगठन मंत्री संस्कृत भारती के मनोज का उद्बोधन प्राप्त हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने संघ की स्थापना के मूल उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए डॉ. हेडगेवार के जीवन परिचय को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि समाज में वास्तविक

परिवर्तन सत्ता से नहीं, बल्कि समाज के जागरूक और संगठित प्रयासों से संभव है। इसके लिए पंच परिवर्तन के सिद्धांतों को अपने आचरण में उतारना आवश्यक है। मुख्य वक्ता ने उपस्थित शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में स्वदेशी वेशभूषा, भजन, भोजन और भ्रमण जैसी परंपराओं को अपनाकर समाज में सकारात्मक संदेश प्रसारित करें। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से ही भारत को पुनः विश्वगुरु के रूप में स्थापित किया जा सकता है।

राज्य मंत्री ने शंखनाद के साथ किया जनगणना का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

चितरंगी 1 मई। म.प्र. शासन की पंचायत एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री राधा सिंह ने आज सिंगरौली जिले की तहसील दुधमनिया अंतर्गत ग्राम बिरकुनियां में शंखनाद के साथ जनगणना 2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का विधिवत शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने डिजिटल जनगणना के महत्व को रेखांकित करते हुए स्वयं प्रगणक की भूमिका निभाई और भवनों की नंबरिंग कर हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राज्यमंत्री ने सर्वप्रथम उप-स्वास्थ्य

केंद्र, बिरकुनियां के भवन पर जनगणना नंबर अंकित किया। इसके पश्चात उन्होंने आमजन के घरों तक पहुँचकर मकानों की नंबरिंग की और परिवारों से भेंट की। राज्य मंत्री ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह भविष्य की विकास योजनाओं का आधार है।

श्रमिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है : रामनिवास

मजदूर दिवस पर रेडक्रॉस की सराहनीय पहल, 247 श्रमिकों को मिला नि :शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा का लाभ

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 1 मई। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर रामलीला मैदान के पास अंबेडकर चौक, बैढ़न में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सिंगरौली विधायक राम निवास शाह के मुख्य आतिथ्य एवं रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एसडी सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर में कुल 247 महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इस दौरान ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन एवं ब्लड ग्रुप की नि:शुल्क जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर में विशेष रूप से मिश्रा पॉली क्लीनिक एवं नर्सिंग होम के संचालक डॉ. डीके मिश्रा द्वारा भी श्रमिकों को नि:शुल्क परामर्श देते हुए आवश्यक दवाइयां लिखी गईं। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि श्रमिक वर्ग देश की प्रगति का मूल आधार है और उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा

समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सेवा कार्य श्रमिकों के जीवन स्तर को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और इनका निरंतर आयोजन आवश्यक है। उक्त कार्यक्रम में रेडक्रॉस सचिव डॉ. ओपी राय, डॉ. डीके मिश्रा, डॉ. आरडी द्विवेदी, डॉ. एनके जैन एवं जीपी सिंह, विवेक कुमार त्रिपाठी, राजाराम केशरी, शिवकुमार पांडेय, नटवर दास अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

डीजे ने की जनसेवा कार्यों की सराहना

रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन एसडी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग तक स्वास्थ्य सेवाएं सरल और सुलभ रूप में पहुंचाना है। स्वास्थ्य शिविर में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार खरादी, उमेश सोनी, न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव मनोरम तिवारी, जिला विधिक सहायता अधिकारी अमित शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। इसके साथ ही जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा अपने उद्बोधन में इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा किए जा रहे जनसेवा कार्यों की सराहना व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से श्रमिकों एवं जरूरतमंद नागरिकों को हर संभव विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी तथा इस दिशा में निरंतर सहयोग सुनिश्चित किया जाएगा।